SARDAR JAGJIT SINGH AURORA (Punjab): Mr. Vice-Chairman, Sir, I have questions on two separate aspects. One thing, as has been pointed out earlier by other hon. Members, is that this report is totally incomplete. There is much more given in the papers. I was hoping that this report will be able to throw more light on what is given in the newspapers because they are somewhat confusing. I think on the question of 'no light and no water', in spite of Shri Atal Bihari Vajpayee's hope that this is not done; I am pretty certain that it has been done, because in the papers it has come out that the people are using ultra-red lights at night to see what these people are up to, because there is no lightt in the Temple. Second point is that some of the papers have mentioned that so many devotees had been brought out. Have they come out, or have they been brought out? Thirdly, if they had been brought out, then somebody has already gone in. That point is not made clear. Then, Sir, as you know, the Golden Temple complex consists on one side, where there is a road that leads on to what is known as Nanak Niwas and other complex. I just want to know whether that area is still under the occupation of terrorists or a part of it has already been ocupied by the police, because there is information that 'Langar' is no longer in operation. There is no Path's (prayers) going on, there is no kirtan because all the 'ragis' have been brought out and all the 'Sevadars' have been brought out. This requires to be explained more fully as to what is the actual position and if there are only terrorists living then what is the quantum of terrorists living there and what is the assessment of the weapons that they have? Then, it has been mentioned that they were going to build a wall next to 'Kadha Prasad' area. Next to 'Kadha Prasad' area is not outside the Golden Temple complex. There is also a mention that they are wanting to occupy an other area which is outside the complex. This really needs to be explained as to what really happened. The whole thing is rather confusing. The other aspect that I wanted to bring out is that the Golden Temple has been in the occupation of extremists for a very long time. We have been hearing all types of stories about it and about nefarious activities like people being told to pay certain amounts or carry out certain actions. One does not know what the Government was doing all this time. They keep on saying that the Government is

[Shrimati Vijoya Chakravarty]

not going to permit the misuse of religious places for criminal and anti-national activities. My understanding was that one of the reasons why Rode was released was for him to be able to take control of the Golden Temple and try to get rid of these anti-national or anti-social elements. There is no mention of what is happening to that initiative taken by the Government. I think we would like to know what the Government is doing about it. (*Interruptions*) Mr. Rode and other priests were released. I think personally that these priests who had been taken into custody had really no serious charge against them and it was decided to release them. There is a news item that they wanted to go inside. But it is not known whether they were given permission to go inside or not or whether their going inside is likely to cause further conflagration. There going inside could be one method of bringing the situation under control. That is also required to be studied.

Lastly what I would like to mention is this. When I first got the news that they had been released, I asked whether the Government was sincere and whther they had studied the various repercussions that may take place. You had decided to forget about the moderate elements. Now you have decided to carry on discussions with the extremists. I never got a proper answer then. I would really like to know whether they have talked directly to the extremists and whether the Government feels that there is still a chance of being able to do something about the political initiative.

Lastly, if I may say so, I am sorry that I want to say this. I hope that all this is not stage-managed in order to bring in the emergency for which the Fiftyninth Constitution Amendment has already been aproved. Is it because of this that we are fed with a certain kind of information to keep everybody excited about it so that the House agree to it? ? ?

श्री वीरेन्द्र वर्मा (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, पिछले तीन दिनों से पानीपत, दिल्ली और स्वर्ण मन्दिर अमृतसर की घटनाओं के सिलसिले में माननीय चिदम्बरम जी, माननीय पाणिग्रही जी और आज माननीय बूटा सिंह जी का स्टेटमेंट सुना । मुझे मान्यवर, दुख है कि ऐसा पेश्तर भी कहा जा चुका है, स्टेटमेंट बिल्कुल रूटीन टाइप का है । स्टेटमेंट के अन्त में देखकर यह आश्चर्य होता है । इसमें गृह मंत्री जी ने कहा है, अपने स्टेटमेंट में कि पिछले कुछ समय से गवर्नमेंट इज अवेयर दैट, फार सम टाइम पास्ट, पांच-सात दिन से या ग्यारह-बारह दिनों या महीनों से—इन दि लास्ट फ्यू वीक्स सरटेन फोर्टिफिकेशन्स यानी मोर्चा बन्दी की जा रही है, सरकार को इस बात की जानकारी है । मान्यवर, आपकी इजाजत से मैं माननीय गृह मंत्री को यह बताना चाहता हूं कि पिछले कुछ वर्षों से स्वर्ण मन्दिर में इस प्रकार के अवैध हथियार इकट्ठे किये जा रहे हैं और वहां मोर्चाबन्दी भी की जा रही है । मेरी समझ में यह नहीं आया कि शुरू में तो सरकार पूरी सुविधाएं प्रदान करती है । जैसा कि जब जून 84 में मजबूर होकर गवर्नमेंट को ब्लू स्टार करना पड़ा तो उससे पेश्तर इस प्रकार की सुविधाएं, मोर्चा बन्दी की सुविधाएं, फोर्टिफिकेशंस की सुविधाएं और हथियार इकट्ठी करने की सुविधाएं प्रदान की जाती रही है । वही शिकायत अब भी है । अब मान्यवर, क्या कहते हैं—

"Government is firm in its commitment not to permit misuse of religious place for criminal and anti-national activities."

हमें तो बड़ी खशी है लेकिन यह एंटी नैशनल इलीमेंट्स धार्मिक स्थानों का मिसयूज पिछले एक वर्ष से कर रहे हैं और पहले भी किया था तब आपने आपरेशन ब्लू स्टार किया था । तो इस प्रकार के स्टेटमेंट से न तो आपकी तसल्ली हो सकती है और न देश की जनता की तसल्ली हो सकती है और न किसी विरोधी पक्ष के आदमी की हो सकती है । मान्यवर, आपको कठोर से कठोर कदम उठाने पड़ेंगे तब आप देश में शान्ति व्यवस्था स्थापित कर सकेंगे । मान्यवर, जिस दिन आपने पांच ग्रंथियों को

छोड़ा था उस दिन स्वर्ण मन्दिर में ए.के.-47 राइफल से उनका स्वागत किया गया, खालिस्तान जिन्दाबाद के नारों से उनका स्वागत किया गया और पूर्ण आजादी की घोषणा जसवन्तसिंह रोडे ने की । यह सब हमने और आपने समाचार पत्रों में पढ़ा है । आज उनको छोड़े हुये तीन महीने हो चुके हैं । उनका स्वागत उस समय ए.के.-47 राइफलों और मशीनगनों से किया गया था । मैं आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी से यह निवेदन करना चाहता हूं कि जो स्टेटमेंट आज आप दे रहे हैं कि हम धार्मिक स्थलों का दुरुपयोग नहीं होने देंगे राष्ट्रद्रोहियों को हम वहां घुसने नहीं देंगे वे तो वहां घसे हुये हैं सब घुसे हुये हैं और उसका इस्तेमाल भी कर रहे हैं फोर्टिफिकेशन किए हुये हैं । चौथा पांचवां दिन हमने हिन्दुस्तान टाइम्स में पढ़ा है कि आपकी पेरामिलिटरी फोर्स और आतंकवादी भी आमने-सामने स्वर्ण-मन्दिर के बाहर खड़े हो गए और आखिर उनको समझा कर आपकी पेरामिलिटरी फोर्स को पीछे हटाया गया तब जाकर के वे हटे । वह भी आपसे लड़ने के लिए तैयार खड़े हैं इसलिए, मैं आपसे विनम्र निवेदन करता हूं कि आखिर वे तीन दिन से लगातार मुकाबला करने के लिए खड़े हैं तो आखिर उन्होंने कोई तैयारी कर रखी है आपकी मकाबले करने की तैयारी नहीं है । आपने उन्हें तैयार होने का मौका दिया । अब वे आपसे मुकाबला कर रहे है । मैं आपसे निवेदन करना चाहता हू कि जो आपने स्टेटमेंट दिया है इस सम्बन्ध में धार्मिक स्थानों को आप मुक्त करायें इन राष्ट्रद्रोही तत्वों से चाहे उनके पास जितने भी हथियार हैं आप अपने आदमियों का हौसला बढ़ायें, जनता का हौसला बढ़ायें । सब पोलिटिकल पार्टीज को साथ लें, सारी जनता को साथ लें जिस दिन पंजाब की जनता आपके साथ होगी देशद्रोहियों के खिलाफ होगी उस दिन आपको सफलता प्राप्त होगी ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): I have to inform Members that the arrangements for dinner for Members have been made in Room No. 70 and for the staff in Room No. 73 from 8 p.m. onwards.

Now, Mr. Buta Singh to reply.

SHRI VISHWA BANDHU GUPTA (Delhi): Mr. Vice-Chairman, Sir...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): I am not going to allow any body else. (*Interruptions*) There are four or five Members of the Congress (I). I have allowed only one.

AN HON. MEMBER: Why?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): It is because of the time constraint.
(*Interruptions*)

श्री सत्य पाल मलिक (उत्तर प्रदेश) : मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। श्रीमन्, पहले ऐसा कभी नहीं हुआ। मिनिस्टर के बयान पर सवाल पूछने में पार्टी व्हिप की कोई बात नहीं मानी जाती। हर मैम्बर सीधे सवाल पूछ सकता है। मैंने खुद पूछा था पिछली बार मुझको इजाजत दी गई थी । आप गलत परम्परा क्यों डाल रहे हैं ?

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : आज समय नहीं है ।

श्री सत्य पाल मलिक : मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा ।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : आज समय नहीं है इसलिए । नारायणस्वामी का भी नाम था आपका भी नाम . . . (**व्यवधान**) . . .

श्री सत्य पाल मलिक : मैं इससे सहमत नहीं हूं । यह गलत परम्परा है और मैं इसके विरोध में वाक आउट करता हूं ।

[*At this stage, the hon. Member left the Chamber*]

SHRI VISHWA BANDHU GUPTA: Sir, I would like to know about the Journalist.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Mr. Minister, you please go ahead. ?

8.00 P.M.

श्री बूटा सिंह : उपसभाध्यक्ष जी, श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी ने बहुत महत्वपूर्ण सुझाव दिया कि सदन को हमेशा पंजाब की परिस्थिति के संबंध में विश्वास में रखना चाहिये । हमारा प्रयास है और हम कोशिश करते रहते हैं कि जैसे ही कोई ऐसी घटना होती है जिससे खतरा बढ़ता है तो सबसे पहले हम सदन में आयें । लोक सभा में और राज्य सभा में इसके ऊपर निरन्तर चर्चा होती रहती है । पिछले कुछ समय से राज्य सभा में कम हुई है मगर इसका मतलब यह नहीं है कि हम सदन को अवगत नहीं कराते हैं । हर प्रकार के जो भी डेवलपमेंट होते हैं उनके बारे में हम सबसे पहले सदन का विश्वास लेते हैं । इससे पहले कि मैं माननीय सदस्यों के स्पष्टीरणों पर एक-एक करके उत्तर दूं मुझे जनरल अरोड़ा साहब की एक बात का खंडन जरूर करना है और खाली खंडन नहीं करना है निंदा करनी है । उन्होंने कहा स्टेट मैनेजड है, इससे बड़ा मजाक पंजाब की सिचुएशन के साथ नहीं हो सकता है । लोगों की हत्याएं हो रही हैं, सिपाही मर रहे हैं और सिपाही किस ढंग से राष्ट्रद्रोही तत्वों का मुकाबला कर रहे हैं, जान जोखिम में डालकर अपने परिवारों का बलिदान दे करके यह स्पष्ट है और वे कहते हैं यह सारा स्टेट मैनेज्ड है।

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: I said, I, hope it is not. (*Interruptions*).

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): That itself was wrong.

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: I said, I hope it is not.

श्री बूटा सिंह : ऐसे ही वक्तव्य और ऐसी भावनाओं का प्रदर्शन ही सारी मिलिटरी फोर्सेज के हौसले को तोड़ता है तथा राष्ट्रहित के लिए पंजाब के जो लोग जूझ रहे हैं उनका हौसला पस्त करता है । इसलिए मैं नम्र निवेदन करूंगा माननीय सदस्य अ.र उनकी पार्टी से . . . (**व्यवधान**) मैं इसलिए कहता हूं कि माननीय सदस्य अक्सर अपनी पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हैं अगर नहीं करते हैं तो मुझे कोई ऐतराज नहीं है ।

सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा : मैंने इंडिविजुअली क्वेश्चन पूछा है । There is nothing about the Party. It is about the individual.

श्री बूटा सिंह : उपसभाध्यक्ष जी, ऐसी बातें ही परिस्थिति को ज्यादा बिगाड़ती हैं । ये चीजें वही हैं जो सिखों के जज्बात के साथ खेलती हैं । यदि ऐसा वक्तव्य बाहर गया कि जनरल अरोड़ा साहब ने कहा कि यह सारा कुछ, स्टेट मैनेज्ड है तो आप बताइये कि जो नयी पीढ़ी के नौजवान बरगलाये जाते हैं जो आतंकवादी बनते जा रहे हैं तो उनके ऊपर इसका क्या असर पड़ेगा । इसलिए मैं कहता हूं कि ऐसी बातें करने से पहले बहुत संयम और संकोच की जरूरत है, जिम्मेदारी की जरूरत है । आपने यह भी फरमाया सूचना दी कि वहां कीर्तन बंद कर दिया गया है बिजली काट दी गयी है, पानी काट दिया गया है । यह सब डिसइन्फारमेशन दे रहे हैं जिससे मुझे नहीं मालूम कि क्या सिग्नल देना चाहते हैं क्या संकेत देना चाहते हैं पंजाब के बारे में . . . (**व्यवधान**)

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: May I produce the newspaper? The Times of India of today has mentioned this.

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : अरोड़ा जी आप बैठ जाइये ।

श्री बूटा सिंह : श्रीमन्, मैं जानता हूं कि सारे सिखों, हिन्दुओं और दूसरे धर्म के लोगों की पंजाब में श्री हरमिन्दर साहब के बारे में कितनी श्रद्धा है । मैं सरकार की ओर से जिम्मेवारी के साथ यह कहना चाहता हूं कि हमारी तरफ से न कोई बिजली काटी गयी है न पानी काटा गया है अन्दर क्या हालत है ? किस तरह से दो दिन से वहां फायरिंग चस

रही है जिससे डिस्टरबैंस हुई है, कुछ उनकी सेवाओं में बाधा पड़ी है

I cannot say because under this situation nobody can enter.

दूसरा आपने प्रीस्ट्स के बारे में फरमाया । तो प्रीस्ट्स संतोख सिंह गुरुद्वारा साथ में है वहां बैठे हुए हैं और वे भी कोशिश कर रहे हैं । इसलिए इस तरह की परिस्थिति में उनका यह कहना और इस तरह का भ्रम पैदा करना, यह ठीक नहीं है । सरकार की जो मंशा है वह सब मैंने अपने वक्तव्य में दी है । बहुत से माननीय सदस्यों ने कहा कि मोर्चाबंदी हो रही थी । यह जो गोल्डन कम्प्लेक्स टैंपल है यह एक किस्म का अपने आप में एक जीता जागता नया नगर है एक नया शहर है। सभी प्रकार की सेवाएं वहां पर उपलब्ध हैं । वहां पर इतना बड़ा भंडार है कि महीनों तक उनके खाने-पीने का बंदोबस्त वहीं पर रहता है । इसलिए इस तरह से भ्रम पैदा करना कि हमने उनकी सेवायें बंद कर दी हैं, हमने उनकी सप्लाई बंद कर दी है, यह गलत बात है । मोर्चे जो हो रहे हैं, यह जो गोल्डन टैम्पल कम्लैक्स है इसकी चारदीवारी और इसके ऊपर जो बहुत बड़ा स्ट्रक्चर कायम है, उसके अन्दर सैंडबैग्स रखे जा रहे थे । उसकी इस तरह से मोर्चाबंदी की जा रही थी जिससे कि दीवारों के पीछे से छिप करके बाहर के एरियाज में फायरिंग हो सकती थी । अब भी जो तीन जगहों से फायरिंग हुई है, वह एक तो बहुत बड़ा टावर है, जिसको "गुंगा" कहते हैं, वहां से हुई । वह बड़ी मिनरेट्स हैं... (व्यवधान)

श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी : हरमंदिर जो है... (व्यवधान)

श्री बूटा सिंह : वह तो मुगल पीरियड के हैं । रेड्डी साहब, आपने देखे नहीं । आप तो मुझे कह रहे हैं कि मैं हरमंदिर साहब नहीं गया, अमृतसर नहीं गया । मैं समझता हूं कि आपने जिन्दगी भर उसे कभी देखा नहीं होगा ।

श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी : मैं वहां चार बार गया हूं। ...(व्यवधान)

श्री बूटा सिंह : आपने मिनरेट्स नहीं देखे होंगे । आज सुबह वाजपेयी जी ने भी मुझे कहा । खैर, वह तो मेरे मेहरबान हैं । उन्होंने मुझे मजाक से कहा । मैं एक चीज उनसे कहूं कि बूटा सिंह तो उस दिन वहां गया था जिस दिन दुनियां डरती थी हरमंदिर साहब जाने के लिए और मैंने तीन-चार लाख लोगों को इकटठा किया था जब अभी डेड बाडीज वहां से निकल रही थीं, तो उस वक्त जाकर मैंने लाखों लोगों में खड़े होकर कहा कि यह एस० जी० पी० सी०, अकाली दल की जिम्मेदारी है, उन्होंने ऐसे हालात पैदा होने दिये कि हरमंदिर साहब की आज यह दुर्गति हुई और मैं यह कहने के लिए तैयार हूं—आपको तो नहीं कहूंगा, मगर मैं समझता हूं कि पंजाब के लोग आज भी इस चीज को अनुभव करते हैं कि वही तत्व जिनको चुन कर वहां भेजा गया—आपने एस० जी० पी० सी० की बात की कि उसका वहां कंट्रोल है कि नहीं ?

आज से तीन दिन पहले हमारे पास एक सूचना आई थी कि वहां के कैशियर के पास यह एक्सट्रीमिस्ट लोग गये जो एस० जी० पी० सी० का बाकायदा दफ्तर है और उससे पैसे मांगे गये । उसने पैसे देने से मना किया, तो वहां से जो थोड़ी बहुत सेम्बलैंस थी, वहां एस०जी० पी० सी० का जो थोड़ा बहुत स्टाफ था उस समय, उसको भी उठा कर बाहर फैंक दिया गया । उसी एस० जी० पी० सी० के बारे में मुझ से बार-बार पूछा जा रहा है कि यह सारे लोग अन्दर कैसे चले गये, हथियार कैसे अन्दर चले गये ? एस० जी० पी० सी० ने सारा कुछ उनको सौंपा है । यह सदन जानता है कि जब एस० जी० पी० सी० के इलैक्शंस हुए, वहां बालंटियर फोर्स थी । वह बड़ा अच्छा काम कर रही थी । लोगों को बाकायदा स्क्रीन करके अन्दर जाने देते थे । सब से पहली कैजुल्टी—इस एस० जी० पी०,सी० ने उसको डिसबैंड किया, न केवल डिसबैंड किया, उनको मेलाईन किया गया और नतीजा यह हुआ कि अब वहां अन्दर बहुत बड़ी मैसिव कंस्ट्रक्शन चल रही है, अकाल तख्त साहब की बिल्डिंग्ज बहुत

[श्री बूटा सिंह]

बन रही है, कितना मैटीरियल जात है, थाउजेंड्स टंस आफ सीमेंट कनक्रीट, स्टील, थिन्ज लाईक दैट । मैंने जैसा कहा इट इज एलिविंग सिटी इटसैल्फ ।

तो किस ढंग से यह हथियार वगैरह जाते हैं और फिर अरोड़ा साहब ने आज यहां फरमा दिया, जैसे ही कोई असरों को गिरफ्तार किया गया, उस वक्त भी विरोध किया गया और जब उनको रिहा किया गया, तब भी विरोध कर रहे हैं । हमको कहते हैं हमारी नीति नहीं है, जरा अपनी नीति तो स्पष्ट करें ।

मान्यवर, जो परिस्थिति आज हरमंदिर साहब के इर्द-गिर्द है, वह बड़ी तनावपूर्ण है और सेक्यूरिटी फोर्सेज पूरी कोशिश कर रही हैं कि राष्ट्र के शत्रुओं को और जो क्रिमिनल्स अन्दर घुसे हुए हैं, उनको ताकि वह मासूम लोगों की हत्या न कर सकें, ज्यादा हरमंदिर साहब की बेहुर्मती न कर सकें, आज सरकार की ओर से ही नहीं, पिछले हफ्ते आपने पढ़ा होगा कि वहां से हैड प्रीस्ट्स और वहां के जिम्मेवार व्यक्तियों ने बाकायदा उनको लिखित रूप से वार्निंग दी थी कि जो कुछ अन्दर हो रहा है, इसमें जो गतिविधियां हो रही हैं, जिसमें न जाने कई-कई बातें उन्होंने कहीं— उसमें बड़े एंटि-सोशल एलिमेंट्स हैं, क्रिमिनल एक्टिवटीज हो रही हैं, लोगों को टारचर करके वहां पर मारा जा रहा है, वहां से शव निकल रहे हैं ।

तो इसलिए सरकार ने बड़े ही संयम से और बहुत ही अनुशासन के साथ पैरामिलिटरी फोर्सेज ने बहुत अनुशासन का सबूत दिया है । आप जानते हैं कि यह कितना नाजुक मसला है, सेंटिमेंट्स इसके साथ अटेच्ड हैं । जैसा कि वर्मा जी ने कहा हम नहीं चाहते हैं कि ऐसी परिस्थिति पैदा हो जिससे कि फिर ऐसा वातावरण हो जिससे कि एकदम से पूरे प्रांत में अशांति हो जाए ।

मान्यवर, कुछ सदस्यों ने जसबीर सिंह रोडे के वक्तव्य का और उनकी रिहाई का उल्लेख किया । रेड्डी साहब ने भी किया । इसमें कोई संदेह नहीं, एक प्रयास किया गया यह जो धार्मिक अथारिटी है, जो धार्मिक संस्थान हैं उनको यदि हम सेपरेटिजम से दूर कर पाएं और वे इसमें सहायता कर सकें और मान्यवर दोनों तरफ से माननीय सदस्य जो इस बात को कहते रहे हैं कि हमें कोशिश करनी चाहिए कि जिस ढंग से भी हम ज्यादा से ज्यादा लोगों को सेपरेटिस्ट्स एलीमेंटस से अलग कर सकें हमें अलग करना चाहिए और यह उसमें एक प्रयास है इसमें हम वाच कर रहे हैं कि कितनी सफलता मिलती है । अभी कुछ मान्यवर सदस्यों ने हमारे देश के दूसरे नेताओं का भी जिक्र किया और बहुत से सदस्य जोधपुर के जो अन्डर ट्रायल्ज हैं उनकी बात कर रहे हैं । जैसा सरकार की ओर से आश्वासन दिया गया था कि रेव्यू करके जितने लोग उसके तहत आयेंगे उनकी रिहाई का बंदोबस्त किया गया । क रेव्यू हुआ है, और भी हो सकता है । मगर यह कहना कि इससे हम किसी राजनीतिक मंतव्य की सिद्धी कर रहे है तो यह बात ठीक नहीं है । बहुत से सदस्यों ने कहा है कि विरोधी दलों को साथ लेकर एक अध्ययन करना चाहिए इसका मैं स्वागत करता हूं । मगर जो हमारा अनुभव है जब हमने अध्ययन शुरू किया था उसमें थोड़ा समय के बाद हमारे कुछ ऐसे राजनीतिक दल पंजाब में उन फोरमज को केवल राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस्तेमाल करते थे । उसमें क्या होता ? कांग्रेस पार्टी की निंदा की जाए; सेन्ट्रल गवर्नमेंट को रनडाउन किया जाए । हमें इससे कोई फिक्र नहीं है वह तो रोज करते हैं यहां पर मगर उससे पंजाब के लोगों के हौंसले बढ़ते नहीं, घटते हैं । वहां जाना तो इसलिए है कि पंजाब की समस्या को एक राष्ट्रीय समस्या मानकर और सभी पार्टीज को मिल कर एकता की भावना के साथ लोगों के हौंसले बढ़ाए मगर उल्टा हमारी मीटिंग में अलग-अलग भाषा बोली जाए और वह भी एक दूसरे पर लांछन लगाए जाएं दोषारोपण किया

जाए गवर्नमेंट को रन डाउन किया जाय उससे लोगों के उत्साह बढ़ेंगे नहीं उल्टा लोगों के हौसले घटेंगे हमें मजाक करेंगे ।...

(व्यवधान) इसका मतलब यह नहीं कि हमने प्रयास छोड़ दिया ।

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: What about the all-party meeting?

SHRI BUTA SINGH: I am coming to that. तो उसके बाद क्या हुआ कि सभी दलों ने अपना-अपना कैम्पेन शुरू किया । कांग्रेस पार्टी ने मैं समझता हूं कि कोई जिला, कोई तहसील कोई ब्लाक, ऐसा नहीं छोड़ा जिसमें कि उन्होंने सीरीज आफ मीटिंग नहीं की और सभी दलों के एक्टिव वर्कर्ज जो हैं उनकी हत्याएं हुई । सी०पी०एम० कांग्रेस और बी० जे० पी० के तथा सी० पी० आई० के और मैदान में जो लोग जूझते हैं जो लोगों को मोबिलाइज करते हैं उनकी हत्याएं हुई और परिवारों के परिवार नष्ट हुए । यह एक इस तरह की परिस्थिति है जिसमें राष्ट्र की एकता के लिए वहां लोग मर रहे हैं । सब से बड़ी जो संतोष की बात है वह यह है कि आज 6 साल से निरन्तर आतंकवादी और अलगाववादी जो चाहते हैं कि पंजाब में आपस में भाई-भाई की लड़ाई हो तो वह नहीं हुआ है । इसका मतलब यह है कि पंजाब के लोग सच्चे देश भक्त हैं और देश की एकता तथा अखंडता कायम रखना चाहते हैं । अभी हरियाणा और दिल्ली में घटनाएं हुई और उनकी बड़ी देर से स्ट्रेटेजी है कि किसी तरह देश के कोने-कोने में इस तरह की आग पैदा हो ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : यू० पी० में भी ।

श्री बूटा सिंह : हां, यू० पी० में भी हुआ । वह तो चाहते हैं ।... (व्यवधान)

सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा : जब तक आप उनको सजा नहीं देंगे तब तक कभी कुछ नहीं होगा ।... (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : प्लीज सिट डाउन ।

श्री बूटा सिंह : श्रीमन यह तो देश के स्वार्थी तत्व हैं । वे चाहते हैं कि देश के कोने-कोने में इस तरह से आगजनी हो । लोग आपस में लड़ें और देश खंडित हो । अभी-अभी मेरे मान्यवर सदस्य चिमन जी ने जिक्र किया श्रीमती बेनजीर का एक नहीं पाकिस्तान से ऐसे कई लोग बाहर निकले हैं उनके प्रेस से बाहर यूरोपियन प्रेस में कितनी ज्यादा तादाद में लोग आए हैं जिन्होंने साबित किया है । अभी थोड़े दिनों तक हमारे यहां मीटिंग भी होने वाली है उसमें हम सबूत रखने जा रहे हैं कि किस तरह से हमारे देश को डी स्टेबेलाइज करने के लिए पंजाब को खंडित करने के लिए, किस तरह से वह सक्रिय रूप से इन्वाल्व हो गये उनके लोग और मैंने लोक सभा में वक्तव्य देते हुए उदाहरण दी थी कि उनके सैनिक, अर्ध-सैनिक, बल किस तरह से आतंकवादियों को सहारा देते हैं सरहद पार करने के लिए यह सब बातें रिकार्ड में आ चुकी हैं । आज की परिस्थिति में जो हरमंदिर साहब के परिसर में हो रहा है, बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि यह भी एक ऐसा प्रयास था कि किस तरह से इस आग को, जो कि हरमंदिर साहब के अन्दर छिपाकर बैठे हुए हैं इस आग को फैलाया जाय जिससे पूरा शहर नष्ट हो जाये । आपने फरमाया कि सुबह साढ़े सात बजे से लेकर डेढ़ बजे तक क्या हुआ ? साढ़े सात बजे तो जब पता चला कि वहां मेटीरियल आ रहा है बिल्डिंग के लिए जो उस वक्त एक लोकल आफीसर की टीम वहां गई उन्होंने पूरी पूछताछ की कि किसका मेटीरियल है किसकी बिल्डिंग है । यह जो कड़ा-प्रसाद की बात की अरोड़ा साहब ने यह एरिया है between the Akal Takht and in front of Darshini Deorhi एक गेप है बाकी सारी परिक्रमा एक साथ मिली हुई है । इसमें बहुत बड़ा गेप है जो कि शहरी आबादी की तरफ जाता है और इसमें तीन-चार बड़ी बिल्डिंग हैं, बड़ी हिस्टोरिकल बिल्डिंग हैं जो 300 साल पुरानी है, जिनमें वह खण्डरात हैं

[श्री बूटा सिंह]

और वहां से लोग आते-जाते हैं । इसमें काफी देर से झगड़ा चल रहा है प्राइवेट पार्टी का । एस० जी० पी० सी० वाले उसको साथ लगाना चाहते थे और वह नहीं लगाने देते क्योंकि वह उनकी प्राइवेट प्रोपर्टी है । तो वह बिल्डिंग जो है, वह टेरोरिस्ट के लिए ऐसी थी कि वहां से सीधा उनकी गतिविधियों के ऊपर नजर जाती है, अन्दर क्या हो रहा है आप झांक सकते हैं, आप देख सकते हैं, उनकी जो तमाम हरकतें हैं, उसके ऊपर निगाह जाती है । वे चाहते थे कि उसका व्यू बंद किया जाय और इसलिए किसी प्राइवेट पार्टी के मकान की दीवारों को ऊंचा करने जा रहे थे । जब लोकल अधिकारियों ने जाकर जिलाधिकारियों को बताया कि इस तरह से वहां षडयंत्र हो रहा है, तो फिर उस वक्त सीनियर आफीसर आए और उन्होंने जाकर बकायदा जो मिस्त्री लोग बना रहे थे उनको पूछा—किस अथोरिटी से आप बना रहे हैं, किसका मकान है आप कैसे बना सकते हैं ? तो फिर वे छोड़कर चले गए । इसमें तीन चार घण्टे का वक्त हुआ है और तीन चार घण्टे में उन लोगों ने दरियाफ्त किया कि किसका मकान है कौन मेटीरियल ला रहा है कौन इसको बना रहा है कौन इसकी देखभाल कर रहा है किसके हुकम से हो रहा है । मैं नहीं समझता कि इसमें कोई विलंब की बात है ।

महोदय, फिर डेढ़ बजे के करीब जब मिस्त्री लोग वापस चले गए और आफीसस ने यह फैसला करवा दिया कि यह मालिक-मकान की मर्जी से नहीं बन रहा है आप यहां नहीं बना सकते । तो उस वक्त फायरिंग शुरू हुई और उसका जवाब पैरा-मिलटरी फोर्सेज ने दिया । उसके बाद निरंतर फायरिंग चली आ रही है ।

आपने कुछ और मुद्दे रेज़ किए । श्री गुरुदास दासगुप्त जी ने कहा कि थोड़े समय से पिछले दो तीन महीने से बाहरी मदद के साथ आतंकवादियों ने अपना एकदम से प्रहार बढ़ा दिया है उसके सामने हमारी गवर्नमेंट ने क्या किया ? तो मैं तो संक्षिप्त में ही यह कहना चाहूंगा कि मेरे सहयोगी श्री चिदम्बरम जी ने बड़े विस्तृत और बड़े विस्तार के साथ पंजाब सरकार के जिलाधिकारियों के साथ डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट, सुप्रिटेण्डेण्ट आफ पुलिस के साथ एक एक्शन प्लान बनाया, विशेषकर यह जो तीन-चार जिले हैं—फिरोजपुर, फ़रीदकोट, गुरुदासपुर, अमृतसर, कपूरथला जहां कि आतंकवादियों की बहुत ज्यादा गतिविधियां हैं । मैं सदन के सामने इसे पढ़कर सुनाऊं तो समय ज्यादा लग जाएगा, संक्षेप में कह देता हूं—

Additional manpower to be deployed on the border of Punjab, Jammu and Kashmir, Ganganagar district of Rajasthan.

इसके साथ ही साथ—

Also it has been decided that we will have BSF assisted by SSP. They will have the responsibility of erecting physical barriers in the areas all along the international border in selected areas, have greater intelligence, coordination of technical intelligence among the security forces and intelligence agencies.

इसके साथ जो बेपनरी पंजाब की या इस सरहदी एरिए पर जो पेरामिलिटरी फोर्सेज है उनको एक्युप्ड किया गया है, कम्युनिकेशन सिस्टम उनका अपग्रेड किया गया है, बेटरव्हीकल दिए गए हैं और ऐसे एक्विपमेंट दिए गए हैं जिससे कि रात में भी वे परेड कर सकते हैं । तो ये चीजें की गई हैं । आगे चलकर कोशिश करेंगे कि हम हरेक गांव को खासकर उस एरिए को जिस जगह पर पिछले दो तीन महीने में यह सारा विकराल रूप हो रहा है वहां हरेक गांव को हम प्रोटेक्शन कवर दें जिससे एक किस्म की सुरक्षा गांव के लेवल पर की जाय । अभी भी इन डिस्ट्रिक्टस में फर्दर पुलिस डिस्ट्रिक्ट कायम किए गए हैं गुरुदासपुर में अमृतसर में एक एक जिले में तीन-तीन एस पी० नियुक्त किए गए हैं । उस

रिस्पान्सिबिलिटी को छोटे एरिया में बांटकर पुलिस को ज्यादा जिम्मेदारी दी गयी है। ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं जिससे हम चाहते हैं कि कम-कम आल एलांग द बार्डर जो हमारी आबादी है जो हमारी बेल्ट है उसको सुरक्षा दी जा सके। मैं मानता हूं कि यह टेररिज्म कोई ऐसी बात नहीं है कि हम उसको रिवच आफ कर सके। हमारी कोशिश है कि जल्दी-से-जल्दी हम इसको जड़ से उखाड़ दें। मगर आप जानते हैं कि बड़े-से-बड़े विकसित देशों में भी इस तरह की हवा चल रही है। तो यह चीज जल्दी से समाप्त नहीं होती। इसे पंजाब के लोग भी अनुभव करते हैं। इसमें सभी राजनीतिक दलों और सोशल आर्गनाइजेशंस के सहयोग की जरूरत है। माननीय अभी कुछ सदस्यों ने कहा और मैं तो आज ही सोच रहा था कि यदि मौका मिलता तो अपोजीशन लीडर्स के साथ जो रीसेंट डवलपमेंट्स हैं और गवर्नमेंट ने जो स्टेप्स लिए हैं उनके बारे में चर्चा करूं और उनकी राय लूं। हम ऐसा प्रयास करेंगे। मगर ऐसा भी नहीं कहना चाहिए कि केवल रूलिंग पार्टी ही इससे कोई फायदा उठाना चाहती है। रूलिंग पार्टी हैज सफर्ड मोस्ट। इसलिए किसी एक पार्टी या किसी दल का नाम लेकर इस तरह कहना यह मैं ठीक नहीं मानता। महोदय मैं एक चीज अवश्य कहूंगा कि अभी भी अकाली दल के कुछ संगठन खुलकर राष्ट्रविरोधी तत्वों के खिलाफ, मासूम लोगों की हत्या के खिलाफ जुबान बंद किए बैठे हैं। मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि जब तक ऐसे तत्व जिनका कि एस०जी०पी०सी० के ऊपर कब्जा है, साथ नहीं आते, हमें इससे दिक्कत होगी। मैं उनसे प्रार्थना करूंगा कि वे अपने देश, धर्म और पंजाब की रक्षा के लिए साथ दें। सभी राजनीतिक दल साथ दें। उतनी ही जल्दी हम इस बीमारी को जड़ से उखाड़ देंगे।

SHORT DURATION DISCUSSION ON REPORT OF THE JOINT PARLIAMENTARY COMMITTEE ON BOFORS CONTRACT—Contd.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Prof. Lakshmanna. You have already taken 26 minutes. So you may take only three or four minutes more. I have got the record here You have already taken 26 minutes.

PROF. C. LAKSHMANNA: Mr. Vice-Chairman, Sir, I tried to tell earlier how the companies, to whom the money has been paid, were not able to give the information because of the pronouncement of the Attorney-General. Now I will come to the statement of my learned friend, Shri Shiv Shanker. Shri Shiv Shanker, the Minister is supposed to have stated in the Lok Sabha that the amount that has been paid to "hollow" companies might have been ploughted back to the Directors. I do hope, he is a learned man, he must be having information to prove that money has been paid to these companies, that all these companies are hollow and that it has been ploughed back to the Directors. As it has been constantly asked of the Opposition to prove with evidence what it is saying, similarly I would request Mr. Shiv Shanker to kindly let us know what evidence he has to prove that these are "hollow" companies.

SHRI P. SHIV SHANKER: Have you read my statement? I said "in all probability", This was one of the guess-works that I had done. If you say, "bring evidence", where shall I get it? In the morning I said that it was a guess. I did a guess-work. It happens. It happens in many of the companies in India. Some of your friends know it much better.

PROF. C. LAKSHMANNA: When some conclusions were drawn by the Opposition people, there was a constant clamour on their part "you are not coming forward with evidence, you are not producing evidence." Therefore, inference or conclusion is a legitimate weapon for anybody. It is not open to evidence that is available. One can come to a conclusion. This raises a very important question. It raises an important question because it has come from a member of the Government that there could have been a possibility of